ಒಟ್ಟು ಮುದ್ರಿತ ಪುಟಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 8 ]
Total No. of Printed Pages : 8 ]
ಒಟ್ಟು ಪ್ರಶೆಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 38 ]
Total No. of Questions : 38 ]

**A**

**CCE RR REVISED**

Question Paper Serial No. **30**

यहाँ से काटिए

**ಸಂಕೇತ ಸಂಖ್ಯೆ : 61-H**

**Code No. : 61-H**

# ವಿಷಯ : ತೃತೀಯ ಭಾಷೆ — ಹಿಂದಿ
# Subject : Third Language — HINDI

**( ಹೊಸ ಪಠ್ಯಕ್ರಮ / New Syllabus )**

**( ಪುನರಾವರ್ತಿತ ಶಾಲಾ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ / Regular Repeater )**

ದಿನಾಂಕ : 25. 09. 2020 ] [ Date : 25. 09. 2020

ಸಮಯ : ಬೆಳಗ್ಗೆ 10-30 ರಿಂದ ಮಧ್ಯಾಹ–1-30 ರವರೆಗೆ ] [ Time : 10-30 A.M. to 1-30 P.M.

ಗರಿಷ್ಠ ಅಂಕಗಳು : 80 ] [ Max. Marks : 80

TEAR HERE TO OPEN THE QUESTION PAPER
प्रश्नपत्र को खोलने के लिए यहाँ फाड़ें

***परीक्षार्थियों के लिए सामान्य सूचनाएँ :***

1. इस प्रश्नपत्र में वस्तुनिष्ठ एवं गैर-वस्तुनिष्ठ प्रकार के कुल 38 प्रश्न हैं ।
2. यह प्रश्नपत्र रिवर्स जैकेट द्वारा सील किया हुआ है । परीक्षा प्रारंभ होने के समय आप प्रश्नपत्र के दाएँ भाग को काटकर खोलें तथा जाँच करें कि सभी पृष्ठ अक्षुण्ण हैं ।
3. सभी वस्तुनिष्ठ तथा गैर-वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्नों के लिए दिए गए निर्देशों का पालन करें ।
4. प्रश्नों के निर्धारित अंक उसके दाहिनी ओर हाशिये में दिए गए हैं ।
5. प्रश्नों के उत्तर देने के लिए अधिकतम समय इस पृष्ठ के ऊपर में दिया गया है जिसमें प्रश्नपत्र पढ़ने का 15 मिनट भी शामिल है ।

Tear here

I. **निम्नलिखित प्रश्नों के लिए चार-चार विकल्प सुझाए गये हैं, उनमें से सर्वाधिक उचित विकल्प चुनकर उसके संकेताक्षर सहित पूर्ण रूप से लिखिए :** 8 × 1 = 8

1. 'सहयोग' शब्द का विलोम रूप है –

   (A) योग (B) असहयोग

   (C) सुयोग (D) संयोग ।

2. निम्नलिखित शब्दों में से 'बहुवचन' शब्द है –

   (A) किताब (B) कहानी

   (C) कमरे (D) कक्षा ।

3. 'औरत' शब्द का अन्य लिंग रूप है –

   (A) युवक (B) आदमी

   (C) महिला (D) मालिक ।

4. निम्नलिखित में से 'प्रथम प्रेरणार्थक क्रिया रूप' है –

   (A) जगाना (B) जगवाना

   (C) जग (D) जागना ।

5. 'सहानुभूति' शब्द में संधि है –

   (A) दीर्घ (B) यण

   (C) वृद्धि (D) गुण ।

6. 'जलधारा' शब्द में समास है –

   (A) बहुव्रीही (B) द्विगु

   (C) अव्ययीभाव (D) तत्पुरुष ।

7. मोटर उसके ऊपर से निकल गई !

   इस वाक्य में प्रयुक्त विराम चिह्न है

   (A) पूर्ण विराम (B) अल्प विराम

   (C) विस्मयादिबोधक (D) प्रश्नवाचक ।

8. दोस्तों ने साँप ................. रोका ।

   रिक्त स्थान में सही कारक होगा –

   (A) पर (B) से

   (C) को (D) के लिए ।

**II. निम्नलिखित प्रथम दो शब्दों के सूचित संबंधों के अनुरूप तीसरे शब्द का संबंधित शब्द लिखिए :** 4 × 1 = 4

9. नौकाएँ बनानेवाले : जलालुद्दीन : : अखबारों का वितरण करनेवाले : .......................

10. मकान की छत : मछली की पीठ जैसी : : मकान के स्तम्भ : .......................

11. गोमटेश्वर की प्रतिमा : श्रवणबेलगोल : : गोलगुंबज : .......................

12. कृष्ण को चिढ़ानेवाले : बलराम : : चुटकी देकर हँसनेवाले : .....................

**III. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक पूर्ण वाक्य में लिखिए :** 4 × 1 = 4

13. कवि भारतमाता से क्या प्रार्थना करता है ?

14. कवि के अनुसार आज की दुनिया कैसी है ?

15. दोनों दोस्त किन-किन जानवरों से मिले ?

16. बिछेन्द्री पाल सिलाई का काम क्यों करने लगी ?

**IV. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए :** 8 × 2 = 16

17. कवि भारत माता को 'अमरों की जननी' क्यों कहते हैं ?

18. प्रेमचंद जी का जी क्यों ललचाया ?

19. जलालुद्दीन कलाम को किन-किन विषयों के बारे में बताते थे ?

20. परसाई जी को सम्मेलन में क्यों बुलाया गया था ?

21. एवरेस्ट की चोटी पर पहुँचने के बाद बिछेन्द्री ने क्या किया ?

22. कृष्ण अपनी माता यशोदा के प्रति क्यों नाराज है ?

23. 'टाइटन' की विशेषताओं के बारे में लिखिए ।

**अथवा**

'शनि ग्रह' सौरमंडल का अत्यंत खूबसूरत ग्रह है ।' कैसे ?

24. 'सत्य' के बारे में गाँधीजी की धारणा क्या है ?

**अथवा**

15 दिवसीय कार्य शिविर में किन-किन कार्यक्रमों का आयोजन किया गया था ?

V. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन-चार वाक्यों में लिखिए :** $9 \times 3 = 27$

25. गिल्लू के दुःखद अंत के बारे में लिखिए ।

26. आधुनिक मानव ने प्रकृति के हर तत्व पर कैसे विजय प्राप्त की है ? वर्णन कीजिए ।

27. स्वाभिमानी बसंत का परिचय दीजिए ।

28. कहानी के अंत में रोबोनिल और रोबोदीप क्यों खुश हुए ? बताइए ।

29. बेंगलूरु विश्वभर में क्यों प्रसिद्ध है ? स्पष्ट कीजिए ।

30. 'समय अत्यंत अनमोल है'। कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए ।

31. कलेक्टर साहब ने बालशक्ति टोली की प्रशंसा क्यों की ? बताइए ।

32. निम्नलिखित दोहे का भावार्थ अपने शब्दों में लिखिए :

मुखिया मुख सों चाहिए, खान-पान को एक ।

पालै पोसै सकल अंग, तुलसी सहित विवेक ।।

33. गद्यांश का अनुवाद कन्नड या अंग्रेजी में कीजिए :

सत्य की महिमा अपार है । सत्य अत्यंत शक्तिशाली है । अतः हमें सत्य बोलने का अभ्यास करना चाहिए ।

VI. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पाँच-छः वाक्यों में लिखिए :** 2 × 4 = 8

34. "इंटरनेट सचमुच एक वरदान है ।" कैसे ? स्पष्ट कीजिए ।

**अथवा**

"इंटरनेट के कारण संचार व सूचना के क्षेत्र में एक नयी क्रांति आयी है ।" कैसे ? स्पष्ट कीजिए ।

35. निम्नलिखित कवितांश पूर्ण कीजिए :

असफलता ................................................

............................................................

............................................................

........ ...................................... भागो तुम ।

VII. 36. **प्रस्तुत गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए :** 4 × 1 = 4

सुभाषचंद्र बोस एक चतुर और कर्मशील व्यक्ति थे । देश को आजादी दिलाने के उद्देश्य से ही उन्होंने अंग्रेज सरकार के ऊँचे पद को ठुकरा दिया था । वे भारत की स्वतंत्रता के वीर सेनानी थे । इसीलिए अंग्रेज सरकार उनसे डरती थी । सुभाष को महात्मा गाँधी जी का विनम्र सत्याग्रह उचित नहीं लगा । अतः उन्होंने गाँधी जी का साथ छोड़ दिया । सुभाष ने ब्रिटिश युवराज के खिलाफ़ बहिष्कार का आंदोलन भी चलाया । परिणामस्वरूप उन्हें छः महीनों तक जेल में रखा गया था । सुभाष का जीवन देशप्रेम के लिए समर्पित था ।

क) सुभाष कैसे व्यक्ति थे ?

ख) सुभाष ने अंग्रेजों के ऊँचे पद को क्यों ठुकरा दिया ?

ग) अंग्रेज सरकार सुभाष से क्यों डरती थी ?

घ) सुभाष ने गाँधीजी का साथ क्यों छोड़ दिया ?

VIII. 37. **दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर 12 - 15 वाक्यों में किसी एक विषय के बारे में निबंध लिखिए :** $1 \times 4 = 4$

क) दूरदर्शन से लाभ

* प्रस्तावना
* उपयोग और लाभ
* महत्व
* उपसंहार ।

ख) जनसंख्या समस्या-समाधान

* प्रस्तावना
* जनसंख्या वृद्धि के कारण और परिणाम
* परिहारोपाय
* उपसंहार ।

ग) मेरा कर्नाटक महान

* प्रस्तावना
* विषय प्रवेश
* कर्नाटक की विशेषताएँ
* उपसंहार ।

IX. **निम्नलिखित विषय के बारे में पत्र लिखिए :** 1 × 5 = 5

38. अपने बड़े भाई की शादी में भाग लेने के लिए छुट्टी माँगते हुए प्रधानाध्यापक के नाम पत्र लिखिए ।

**अथवा**

परीक्षा तैयारी के बारे में बताते हुए अपने पिताजी को एक पत्र लिखिए ।